मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी–अप्रैल, 2002 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 11 मार्च, 2002 (फाल्गुन 20, 1923)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. मुख्यमंत्री से संबंधित प्रश्नकाल

3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री घनश्याम पाटीदार, राज्यमंत्री, सामान्य प्रशासन, मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा–19 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) संबंधी अष्टम वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2001 पटल पर रखेंगे.

(2) श्री हरवंश सिंह, वन मंत्री, कम्पनीज एक्ट, 1956 की धारा 619–क की उपधारा (3) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का 26 वां वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखे वर्ष 2000–2001 पटल पर रखेंगे.

4. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री राजेन्द्र भारती (दतिया), सदस्य, होशंगाबाद जिले के इटारसी नगर में एक चिकित्सक के घर लूट की घटना होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, सदस्य, हरदा जिले के मोरगादी जंगल में वन कर्मियों द्वारा आदिवासी महिलाओं के साथ मारपीट किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

5. लोक निर्माण मंत्री का वक्तव्य

श्री श्रवण कुमार पटेल, लोक निर्माण मंत्री, दिनांक 21 सितम्बर, 2001 को पूछे गये परिवर्तित अतारांकित प्रश्न संख्या 61 (क्रमांक 6803) के उत्तर में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

6. वर्ष 2001–2002 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, वर्ष 2001–2002 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

7. वर्ष 2002–2003 के आय–व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

भोपाल :
दिनांक : 10 मार्च, 2002

डॉ.ए.के.पयासी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.